भारत सरकार/ Government of India
खान मंत्रालय /Ministry of Mines
भारतीय खान ब्यूरो/ Indian Bureau of Mines
क्षेत्रीय खान नियंत्रक का कार्यलय/ Office of Regional Controller of Mines
सी-विंग, चतुर्थमाला, कर्मयोगी भवन-ब्लॉक-2, सेक्टर-10A, गांधीनगर, गुजरात,382010
C Wing, 4th Floor Karmayogi Bhavan, Block-2, Sector10A, Gandhinagar, Gujarat-382010
Tel- 079 29750358 /29750359; ई –मेल/ E-mail: ro.gandhinagar@ibm.gov.in

फ़ाइल संख्या : **ई-11017/1/2022-GNR-IBM_RO_GNR** दिनांक: जून 2026

सेवा में, राजभाषा अधिकारी,
भारतीय खान ब्यूरो,
नागपुर।

विषय : राजभाषा हिन्दी की पहली तिमाही (अप्रैल 2026 से जून 2026) की एक पूर्ण दिवसीय कार्यशाला का प्रतिवेदन ।

महोदय,

मुख्यालय नागपुर से प्राप्त निर्देशानुसार गांधीनगर क्षेत्रीय कार्यालय में दिनांक 24/06/2026 को एक पूर्ण दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। दिनांक 24/06/2026 को हिन्दी कार्यशाला उद्घाटन डॉ. नरेश कुमार कटारिया, क्षेत्रीय खान नियंत्रक, श्री मोहम्मद निमर, उप खान नियंत्रक व हिन्दी संपर्क अधिकारी द्वारा किया गया ।

उद्घाटन के पश्चात श्री मोहम्मद निमर, उप खान नियंत्रक संपर्क अधिकारी राजभाषा द्वारा कार्यशाला की रूपरेखा के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। क्षेत्रीय कार्यालय गांधीनगर में हिंदी से संबंधित प्रगति को विस्तार से बताया एवं कार्यालय में पिछले तीन माह में हुए हिंदी के कार्य के डेटा प्रस्तुत किए।

इसके पश्चात श्री नमन एक्का, वरिष्ठ खनन भूविज्ञानी द्वारा **माइनिंग सर्विलांस सिस्टम (Mining Surveillance System - MSS)** विषय पर तकनीकी व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। अपने व्याख्यान में उन्होंने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (PPT) के माध्यम से माइनिंग सर्विलांस सिस्टम की अवधारणा, उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि माइनिंग सर्विलांस सिस्टम भारत सरकार द्वारा विकसित एक अत्याधुनिक ऑनलाइन निगरानी प्रणाली है, जिसका उद्देश्य अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा खनिज संसाधनों के वैज्ञानिक एवं सतत् प्रबंधन को सुनिश्चित करना है। प्रस्तुतीकरण के दौरान उन्होंने उपग्रह चित्रों, रिमोट सेंसिंग तकनीक एवं भू-स्थानिक (Geospatial) उपकरणों के माध्यम से खनन क्षेत्रों की निगरानी की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया।

इसके पश्चात डॉ. संध्या दवे, राजभाषा अधिकारी, प्लाज्मा अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद का डॉ. नरेश कुमार कटारिया, क्षेत्रीय खान नियंत्रक महोदय द्वारा स्मृति चिह्न प्रदान कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात डॉ. संध्या दवे, राजभाषा अधिकारी, प्लाज्मा अनुसंधान संस्थान, अहमदाबाद द्वारा **''राजभाषा गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न शिक्षण योजनाएं''** विषय पर विस्तृत एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। अपने व्याख्यान में उन्होंने गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं शासकीय कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को प्रोत्साहित करने हेतु संचालित विभिन्न शिक्षण योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा प्रोत्साहन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। सत्र को अधिक संवादात्मक एवं सहभागी बनाने के उद्देश्य से प्रश्नोत्तरी सत्र का भी आयोजन किया गया।

इसके पश्चात क्षेत्रीय खान नियंत्रक महोदय ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से हिन्दी कार्यशाला में पूर्ण लग्न से भाग लेने एवं व्याख्यान दाताओं द्वारा दिये जाने वाले ज्ञान एवं जानकारी को सीख कर सरकारी कार्य व अपने जीवन में उपयोग करने का आग्रह किया ।

श्री खंजेश कुमार, एलडीसी द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री राकेश मीना, आशुलिपिक द्वारा किया गया। इस अवसर पर लिए गए कुछ फोटोग्राफ इस रिपोर्ट के साथ संलग्न कर प्रेषित है ।

यह रिपोर्ट क्षेत्रीय खान नियंत्रक के अनुमोदन पश्चात भेजी जा रही है ।

संलग्न : यथोपरि भवदीय

Digitally signed by
Mohammad Nimar
Date: 29-06-2026
09:36:40

(मोहम्मद निमर)
उप खान नियंत्रक
भारतीय खान ब्यूरो

प्रतिलिपि: खान नियंत्रक (उत्तर), भारतीय खान ब्यूरो, उदयपुर।

उप खान नियंत्रक

कार्यशाला के दौरान लिए गए छाया चित्र

भारत सरकार
Govt. of India
Ministry of Mines
Indian Bureau of Mines
राजभाषा हिंदी कार्यशाला
RAJBHASHA HINDI KARYASHALA
Regional Office, Karmayogi Bhavan, Gandhinagar
भारत सरकार
खान मंत्रालय
भारतीय खान ब्यूरो
Ministry of Mines
Gujarat